Regarding enhancement of honorarium of cooks engaged under Mid-day Meal Scheme-laid

श्री विजय बघेल **(दुर्ग):** मैं माननीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध करना चाहूँगा कि शासकीय अर्धशासकीय स्कूलों में मिड डे मिल योजना चलाई जा रही है । जिसमें बच्चों को गरम भोजन पकाने हेतु मानदेय पर रसोइया रखा जाता है, उक्त रसोइये को वर्ष 2009 से 1000/- (अंको में एक हजार रुपये) प्रतिमाह केंद्रीय मानदेय दिया जा रहा है । केंद्र द्वारा उक्त मानदेय में किसी भी प्रकार से बढ़ोतरी नहीं की गई है । अतः सरकार अनुरोध है कि केन्द्रीय मानदेय में रसोइयों के मानदेय में बढ़ोतरी करने की कृपा करें ।